समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# नासिक के दिंडोरी मे दर्दनाक हादसा : कार कुएं मे गिरने से 9 लोगों की मौत

Sanket Morankar Published on 04 Apr 2026



महाराष्ट्र के नासिक जिले के दिंडोरी में एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां एक कार पानी से भरे गहरे कुएं में गिरने से 9 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, यह हादसा शुक्रवार रात करीब 10 बजे दिंडोरी तालुका के शिवाजीनगर इलाके में हुआ। कार (MH 15 JS 1053) दिंडोरी मार्ग से गुजर रही थी, तभी अचानक चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया और कार सड़क किनारे स्थित एक खुले कुएं में जा गिरी। कुआं गहरा और पानी से भरा होने के कारण कार पूरी तरह डूब गई।

इस भयावह दुर्घटना में कार में सवार सभी 9 लोगों की जान चली गई। बताया जा रहा है कि सभी मृतक दिंडोरी तालुका के इंदोरे गांव के निवासी थे। इनमें एक ही परिवार के कई सदस्य शामिल हैं, जिससे गांव में मातम पसरा हुआ है।

प्राथमिक जांच के अनुसार, चालक का नियंत्रण खोना हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। इसके अलावा, सड़क किनारे खुले और असुरक्षित कुएं की मौजूदगी भी दुर्घटना का एक बड़ा कारण बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय नागरिक और पुलिस मौके पर पहुंचे। हालांकि, रात का अंधेरा, गहरा पानी और कीचड़ होने के कारण बचाव कार्य में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बाद में क्रेन और हाइड्रा मशीन की मदद से कार को बाहर निकाला गया और देर रात से लेकर तड़के तक चले अभियान में सभी शवों को बाहर निकाला गया।

इस हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। इंदोरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी सुरक्षा उपाय करने की बात कही है। यह हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा और खुले कुओं की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.